हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज भारत स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है।इस परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों ने 'कारोबार में आसानी' पर ध्यान केंद्रित किया है, संसाधनों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित की है और हर मोड़ पर स्टार्टअप का समर्थन किया है।

****

प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ के आज चौथे दिन श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में 6 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालु आ चुके हैं।

तीसरे शाही स्नान पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुँचने की उम्मीद है। आज दस देशों के 21 सदस्यीय दल ने संगम में स्नान किया। इससे पहले विदेशी दल ने रात्रि में अखाड़ों के संतो के दर्शन भी किए. महाकुम्भ में आज से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ' भी होगा. इसमें विख्यात कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा दर्शायी जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य मंच **गंगा □डाल** में होगा । इसका शुभारंभ प्रख्यात गायक शंकर महादेवन की विशेष प्रस्तुति से होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 19 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं

कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं- 1800-11-7800 पर भेजे जा सकते हैं1 श्रोता नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी आप अपने विचार भेज सकते हैं। इस कड़ी के लिए कल तक सुझाव स्वीकार किए जाएंगे। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

****

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण कहा है कि लोक सभा की तर्ज पर हरियाणा विधान सभा के वीडियो रिकॉर्ड के डिजीटलाइजेशन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यह डिजीटलाइनेशन कृत्रिम मेधा AI पर आधारित होगा, जिससे किसी भी विषय या विधायक से संबंधित वीडियो क्लिप बहुत आसानी से ढूंढ़ी जा सकेंगी।उल्लेखनीय है कि विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कल इसको लेकर विधान सभा के अधिकारियों व नेवा टीम के साथ बैठक की। बैठक में एक निजी ए आई कंपनी के विशेषज्ञ भी शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने ए आई डाटा बेस आधारित वीडियो पर प्रस्तुति भी दी।

****

भिवानी जिला प्रशासन शहर को कचरे व गंदगी से बचने के लिए सख्ती से पेश आएगा। अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार ने कहा है कि गंदगी फैलाने वाले डेयरी ,होटल व रेस्तरां संचालकों पर सख्ती की जा रही है। खुले में कूड़ा डालने पर भरी भरकम जुर्माना और खुले में कूड़ा जलाने पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

बाइट हर्षित कुमार

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि भिवानी शहर में हर रोज़ 150 टन कचरे का उठान किया जाता है। सभी घरों से सूखा और गर्डल कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियों का प्रबंध किया गया है। उन्होंने शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

****

हरियाणा और चंडीगढ़ सहित उत्तर भारत में सर्दी एक बार फिर बढ़ गई है। आज तड़के से चंडीगढ़ और हरियाणा के विभिन्न जिलों में हुई बारिश से पारा गिरा है । मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिए कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की चेतावनी जारी की है। धुंध का पढ़ना भी अभी जारी रहेगा जिससे दृश्यता कम होगी। आज भी रात भर से छाए कोहरे के कारण रेल, हवाई और सड़की आवाजाही प्रभावित हुई है ।